हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 30 देहरादून, बुधवार, 19 जुलाई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



उत्तराखंड में 2 बहुत बड़े घोटाला का DGP अशोक कुमार ने किया खुलासा 3

# हर चुनौती के लिए प्रशासन अलर्ट मोड में : मुख्यमंत्री

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून , 19 जुलाई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम से प्रदेश में हो रही अतिवृष्टि की जानकारी ली। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों से फोन पर वार्ता कर निर्देश दिए कि हर चुनौती का सामना करने के लिए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखा जाय। वहीँ मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी आपदा की स्थिति में लोगों को शीघ्र राहत मिले, इसके लिए पूरी तैयारी रखी जाए। जनपदों में खाद्य सामग्री, आवश्यक दवाइयों एवं अन्य आवश्यक सामग्री की पूरी व्यवस्था रखी जाए।

**लक्सर, खानपुर के हालात का किया जिक्र**

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वर्षा के कारण सड़क, विद्युत, पेयजल व्यवस्थाएं बाधित होने की दशा में, सभी व्यवस्थाएं संबंधित विभागों से तत्काल सुचारू की जाय। मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन को निर्देश दिए कि लक्सर, खानपुर एवं प्रदेश के अन्य ऐसे स्थानों जहां पर कम बरसात के बावजूद भी जलभराव की समस्याएं आ रही हैं, ऐसे स्थानों के लिए ड्रेनेज की उचित व्यवस्था हो, इसके लिए दीर्घकालिक प्लान बनाया जाय।

सभी जिलाधिकारियों से लगातार संपर्क बनाए रखने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए हैं, ताकि जनपदों में कुछ भी आवश्यकता पड़ने पर शीघ्र उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ द्वारा तैनात की गई फोर्स के बारे में भी जानकारी ली। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत सिन्हा, अपर सचिव सविन बंसल, एसीईओ आपदा प्रबंधन रिद्धिम अग्रवाल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## बालश्रम व भिक्षावृति से मुक्त हुए बच्चों का अपने परिवारों में ही पुनर्वास को प्राथमिकता दी जाए : एसीएस रतूड़ी



देहरादून। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सम्बन्धित विभागों को एनजीओ के साथ मिलकर राज्य से जल्द से जल्द बालश्रम, भिक्षावृति तथा बाल विवाह समाप्त करने हेतु सटीक एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिए हैं। एसीएस राधा रतूड़ी ने कहा कि बालश्रम व भिक्षावृति से मुक्त हुए बच्चों का संस्थागत पुनर्वास के स्थान पर अपने परिवारों में ही पुनर्वास को प्राथमिकता दी जाए। बालश्रम व बाल भिक्षावृति को रोकने के लिए सम्बन्धित विभागों व एनजीओं को स्थायी समाधान (सस्टेनबल सोल्यूशन) पर काम करना होगा।

मंगलवार को अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिव समाज कल्याण, सचिव विद्यालयी शिक्षा, सचिव श्रम, पुलिस अधिकारियों सहित राज्य में बाल संरक्षण एवं कल्याण के लिए कार्य कर रहे विभिन्न गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के प्रतिनिधियों के साथ राज्य में बालश्रम, भिक्षावृति एवं बाल विवाह को समाप्त करने के लिए एक ठोस कार्ययोजना बनाने के सम्बन्ध में बैठक लेते हुए निर्देश दिए कि प्रदेश में ऐसे कमजोर परिवारों (वलरेनबल फैमिली) को चिन्हित किया जाना जरूरी हैं जिनकी खराब आर्थिक स्थिति के कारण बच्चें बालश्रम व भिक्षावृति की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे चिन्हित परिवारों को सरकार द्वारा संचालित सभी सामाजिक एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करवाया जाना चाहिए। इसके साथ ही एसीएस ने स्कूलों से ड्रॉप आउट बच्चों, स्कूलों में गैरहाजिर रहने वाले बच्चों, आउट ऑफ स्कूल बच्चों का एक सटीक डाटाबेस भी जल्द ही तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान राज्य में बालश्रम, भिक्षावृति एवं बाल विवाह को जल्द से जल्द समाप्त करने के लिए शासन स्तर पर एक हाई पॉवर कमेटी के गठन पर भी चर्चा की गई। इस कमेटी में बाल संरक्षण के लिए कार्य कर रहे गैर सरकारी संगठनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसके साथ ही बैठक में भिक्षावृति में लिप्त आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए स्पेशल स्कूलों व मोबाइल स्कूलों को प्रोत्साहित करने पर भी विचार किया गया।

बैठक में सचिव राधिका झा, डा. रविनाथ रमन, मेजर योगेंद्र यादव, विशेष सचिव गृह रिद्धिम अग्रवाल, अपर सचिव गृह निवेदिता कुकरेती, अपर सचिव अमनदीप कौर, श्री आनंद स्वरूप, डीआईजी पी रेणुका देवी, बचपन बचाओं आंदोलन से श्री मनीष शर्मा, श्री सुरेश उनियाल तथा विभिन्न एनजीओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## गंगोत्री-यमुनोत्री हाईवे मलबा आने से घंटों बंद रहे

उत्तरकाशी। जिले में बारिश के कारण एक बार फिर से गंगोत्री व यमुनोत्री हाईवे जगह-जगह भूस्खलन होने पर यातायात के लिए घंटों ठप रहे। गंगोत्री हाईवे पर सुबह मनेरी डैम के पास भारी मात्रा में मलबा आने से एक टैंपो वाहन सडक़ से नीचे जा पलटा। हालांकि, वाहन चालक पहले ही वाहन से नीचे उतर गया था। नलूणा और सैंज में हाईवे पर आवाजाही ठप रही। यमुनोत्री हाईवे पर डबरकोट और झर-झर गाड के समीप बाधित रहा। मंगलवार को सुबह करीब पांच बजे गंगोत्री हाईवे पर मनेरी डैम के पास भारी मात्रा में चट्टानी बोल्डर गिरे। पहाड़ी से गिरते मलबे के बीच एक टैंपो वाहन यहां से जबरदस्ती आगे जाने की कोशिश कर रहा था। इसी बीच ऊपर से भारी मात्रा में मलबा आ गिरा और वाहन वहीं फंस गया। कुछ देर बाद मलबे के ढेर से वाहन सडक़ से नीचे पलट गया। वाहन के फंसने पर चालक पहले ही गाड़ी से उतर कर सुरक्षित स्थान पर चला गया था, जिससे जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलने पर बीआरओ की जेसीबी मशीन मौके पर पहुंची और करीब चार घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद हाईवे को यातायात के लिए बहाल किया।

इसी तरह नलूणा और सैंज के समीप भी हाईवे पर पहाड़ी से मलबा गिरने के कारण आवाजाही घंटों तक ठप रही। दोपहर करीब 12 बजे तक बीआरओ की ओर से मार्ग को सभी स्थानों पर यातायात के लिए सुचारू किया गया। उधर, यमुनोत्री हाईवे पर सुबह पांच बजे झर झर गाड़ के समीप भारी मात्रा में चट्टानी बोल्डर गिरने से यातायात करीब चार घंटे तक ठप रहा। डबरकोट में भी हाईवे बाधित रहा, जिसे दोपहर तक यातायात के लिए बहाल किया गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि फिलहाल दोनों राजमार्ग यातायात के लिए खुले हैं।

## देहरादून में उफनते नाले ने मचा दी तबाही, चार मकान और चार दुकानें ध्वस्त, दहशत में लोग

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 19 जुलाई : प्रदेश में लगातार भारी बारिश के चलते जगह-जगह आपदा जैसे हालात बने हुए हैं। इस बीच एक डराने वाली तस्वीर देहरादून के रायपुर से आई है। यहां बीती रात शांति विहार और सपेरा बस्ती के बीच बहने वाला नाला उफान पर आ गया। जिसके बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना में चार मकान और चार दुकानें ध्वस्त हो गईं। सूचना मिलने पर पुलिस फोर्स ने मौके पर पहुंचकर तुरंत बचाव कार्य शुरू कर दिया।

देर रात को नाले के आस-पास रहने वाले सभी लोगों को हटाते हुए उन्हें सुरक्षित जगह पहुंचाया गया। नाले के उफान को कम करने के लिए नाले में गिरे मलबे को हटाया गया। शांति विहार और सपेरा बस्ती में भारी नुकसान हुआ है। यहां शांति विहार में मदन सिंह नेगी व अवधेश मित्तल का मकान ध्वस्त हो गया। जबकि दिनेश अग्रवाल व शमीम की दुकान भी ढह गई। इसी तरह सपेरा बस्ती में रहने वाले राजू व सुरेंद्र का मकान ध्वस्त हुआ है। पीड़ित परिवार गहरे सदमे में हैं और राहत की बाट जोह रहे हैं।

थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि बीती रात अत्यधिक बारिश की वजह से नाला उफान पर आ गया था। सूचना पर वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और तुरंत राहत कार्य शुरू किया। रात के वक्त सभी लोगों को घरों से निकाल कर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। घटना में कुछ मकान और दुकानें ध्वस्त हुई हैं। प्रभावित परिवारों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।





# बच्चों को बेस्ट फ्रेंड बनाने के ये हैं बेस्ट फार्मूले

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 जुलाई , अपने बच्चे के साथ एक मजबूत और प्यार भरा रिश्ता बनाना हर माता-पिता का लक्ष्य होता है। सभी पेरेंट्स चाहते हैं कि उनकी बॉन्डिंग सबसे स्ट्रांग हो। ऐसे में आप पारंपरिक पेरेंटिंग को छोड़कर विश्वास, समझदारी और दोस्ती के आधार पर अगर बच्चे को अप्रोच करें तो ये एक मजबूत रिश्ता बन सकता है। इस खास बंधन से आपके और बच्चों के बीच संबंध काफी गहरे बन सकते हैं। इस तरह विशेष रिश्ते पर ध्यान देकर आप बच्चों के साथ क्लोजनेस की भावना को बढ़ावा दे सकते हैं और अपने बच्चे को आगे बढ़ने के लिए एक सपोर्टिव वातावरण प्रदान कर सकते हैं। धैर्य, सहानुभूति और निरंतर प्रयास से आप अपने बच्चे के साथ एक गहरा रिश्ता बना सकते हैं। यहां जानें खास 7 पेरेंटिंग टिप्स ....




1. एकसाथ क्वालिटी टाइम बिताएंः रोजाना उन एक्टिविटी को शामिल करें, जिसका नियमित रूप से आप दोनों आनंद लेते हैं। चाहे वह गेम खेलना हो, सैर पर जाना हो, साथ में खाना बनाना हो या बस बातचीत करना हो। ये अनुभव एक गहरा संबंध बनाने में मदद करते हैं।

2. सुनें और सपोर्टिव बनेंः बिना आलोचना या रुकावट के सक्रिय रूप से अपने बच्चे की बात सुनें। उन्हें अपने विचारों, भावनाओं और चिंताओं को खुलकर व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करें। जरूरत पड़ने पर समर्थन, सहानुभूति और मार्गदर्शन प्रदान करें। यह दिखाएं कि आप उनके लिए मौजूद हैं।

3. बच्चों की रुचियों में रुचि दिखाएंः अपने बच्चे के शौक, जुनून और एक्टिविटी में रुचि लें। उनसे उनके दिन की रुचियों के बारे में पूछें और उन विषयों पर सक्रिय रूप से बातचीत में शामिल हों, जो उन्हें महत्वपूर्ण लगते हैं। इससे पता चलता है कि आप उनकी राय और जुनून को महत्व देते हैं।

4. खुला कम्यूनिकेशन बनाए रखेंः एक ऐसा वातावरण बनाएं जहां खुले और ईमानदार कम्यूनिकेशन को प्रोत्साहित किया जाए। अपने बच्चे को आलोचना या सजा के डर के बिना अपने विचारों, सपनों और चुनौतियों को शेयर करने की अनुमति दें।

5. बच्चों के व्यक्तित्व का सम्मान करेंः अपने बच्चे के व्यक्तित्व को स्वीकार करें और उसका सम्मान करें। जिसमें उनकी राय, पसंद और भावनाएं भी शामिल करें। उन्हें अपनी स्वयं की पहचान विकसित करने दें और व्यक्तिगत विकास और आत्म-अभिव्यक्ति की उनकी खोज में सहायता करें।

6. अनुशासन और स्वतंत्रता को बनाएं रखेंः अपने बच्चे को पसंद तलाशने और चुनने की स्वतंत्रता देते हुए उचित सीमाएं और दिशानिर्देश स्थापित करें। सजा का सहारा लेने के बजाय अनुशासन को एक शिक्षण के रूप में उपयोग करें, उन्हें अपने कार्यों से सीखने में मदद करने पर ध्यान केंद्रित करें।

7. अचीवमेंट का जश्न मनाएंः अपने बच्चे की छोटी और बड़ी दोनों उपलब्धियों का जश्न मनाएं। प्रोत्साहन प्रदान करें, उनके प्रयासों की प्रशंसा करें और उनकी उपलब्धियों पर वास्तविक गर्व दिखाएं। इससे उनका आत्म-सम्मान बढ़ता है और आपका बंधन मजबूत होता है।

# दुनिया के इन 5 देशों में आज भी नहीं है एयरपोर्ट, जानिए कैसे पहुंचते हैं लोग

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 19 जुलाई : जब आज दुनिया के ज्यादातर देश एडवांस एयर सिस्टम में काम कर रहे हैं. ट्रेवल करने से लेकर सामान लाने तक के लिए अधिकतर देश प्लेन का इस्तेमाल करते हैं, वहीं आपको जानकर हैरानी होगी कि आज भी कुछ देश ऐसे हैं, जहां एक भी एयरपोर्ट नहीं है. रीडर्स डाइजेस्ट की खबर के अनुसार, इस समय दुनिया में ऐसे 5 देश है, जहां एयरपोर्ट नहीं है. लिकटेंस्टीन की बाउंड्री ऑस्ट्रिया और जर्मनी से लगती है. यह छोटा देश इन दो बड़े देशों से अपना बॉर्डर शेयर करता है. आपको जानकर हैरानी होगी कि इस देश में एक भी एयरपोर्ट नहीं है. इस देश में आने वाले लोग कार, रेल अथवा पानी की जहाज के जरिये पहुंचते हैं. यहां आने के लिए सबसे नजदीकी एयरपोर्ट स्विट्जरलैंड में है.आपको बता दें कि वेटिकन सिटी दुनिया का सबसे छोटा देश है.

इस देश का क्षेत्रफल मात्र एक सौ नौ एकड़ है. इतनी छोटी जमीन पर बसे वैटिकन सिटी में एक भी एयरपोर्ट नहीं है. यहां आने वाले लोगों को रोम से जहाज लेनी पड़ती है. रोम के दो इंटरनेशनल एयरपोर्ट के जरिए आप वैटिकन सिटी पहुंच सकते हैं.पश्चिमी यूरोप में स्थित यह देश दुनिया का दूसरा सबसे छोटा है. फ्रांस और इटली के बीच यह देश स्थित है.

आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनिया के किसी भी देश से ज्यादा प्रति व्यक्ति करोड़पति इस देश में स्थित हैं. इसके बाद भी यहां पर एक भी एयरपोर्ट नहीं है.अंडोरा यूरोप का छठा सबसे छोटा देश है. इसके साथ ही यह दुनिया का 16वं सबसे छोटे देश है. करीब 468 वर्ग किलोमीटर में फैले अंडोरा की जनसंख्या 85,000 है. अंडोरो में भी एक भी एयरपोर्ट नहीं है.सैन मारिनो दुनिया का पांचवां सबसे छोटा देश है. यहां भी एक भी एयरपोर्ट नहीं है. इस देश में आने के लिए यात्रियों को मात्र नौ मील की दूरी पर सबसे नजदीकी एयरपोर्ट मिलता है. 33 हजार लोगों की आबादी वाले इस देश के लोगों को नौ मील की दूरी पर एयरपोर्ट होने पर ज्यादा परेशानी नहीं होती.



# क्या आपको पता है OK का असली मतलब क्या होता है ? जानिए इसके बारे में रोचक फैक्ट्स

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




ब्यूरो रिपोर्ट 19 जुलाई : लोग किसी भी बात पर सहमति जताने के लिए OK शब्द का इस्तेमाल करते हैं. दो अक्षर का यह शब्द बोलचाल में बहुत ही ज्यादा इस्तेमाल में लाया जाता है. बातचीत के दौरान इस शब्द का हम सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं. OK एक पूरे वाक्य की तरह काम करता है. आप जानकर हैरान रह जाएंगे कि OK कोई शब्द नहीं है. OK एक शॉर्ट फॉर्म है. हम आज आपको OK का मतलब बताएंगे.

OK एक ग्रीक शब्द है, जिसका फुल फॉर्म है 'Olla Kalla'. इसका अंग्रेजी में मतलब होता है All correct. बता दें कि OK शब्द की उत्पत्ति 183 साल पहले हुई थी. अमेरिकी पत्रकार चार्ल्स गोर्डोन ग्रीन (Charles Gordon Greene) के दफ्तर से इस शब्द के इस्तेमाल की शुरुआत हुई थी. बता दें कि साल 1839 में चार्ल्स गोर्डोन ग्रीन किसी शब्द की जगह प्लेफुल एब्रीविएशंस का इस्तेमाल करते थे.OK का इस्तेमाल सबसे पहले "Oll Korrect" के एब्रीविएशन के तौर पर किया गया था. दरअसल, यह ग्रामर पर एक व्यंगात्मक लेख था. साल 1839 में यह बोस्टन मॉर्निंग पोस्ट में छपा था. इसके बाद OW जैसे शब्द भी इस्तेमाल में आए. इसका मतलब ₹oll wright₹ या all right होता था. साल 1840 में अमेरिकी राष्ट्रपति Martin Van Buren के री-इलेक्शन कैंपेन में ओके शब्द का इस्तेमाल किया गया. इसके बाद यह पूरी दुनिया में प्रचलित हो गया. दरअसल, Van Buren का निकनेम Old Kinderhook था. इसलिए उनके समर्थकों ने चुनाव प्रचार में OK शब्द का इस्तेमाल किया. इस दौरान पूरे देश में OK Clubs बनाए गए. अब ओके एक डबल मीनिंग वर्ड बन गया था. इसका मतलब Old Kinderhook भी था और All Correct भी.

# उत्तराखंड में 2 बहुत बड़े घोटाला का DGP अशोक कुमार ने किया खुलासा

## हेलीकॉप्टर सेवा फर्जी वेबसाइट और बीमा पॉलिसी से जुड़े दो राष्ट्रीय घोटालों का पर्दाफाश







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 19 जुलाई , साइबर क्राइम प्रवर्तन के साथ-साथ हम क्षमता निर्माण पर भी ध्यान केंद्रित (Capacity Building) कर रहे हैं। और हमारे पास इस तरह के डिजिटल अपराधों के लिए (Zero Tolerance) है जहां हमारी टीमें पूरे भारत में उन्हें पकड़ने और विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीय Linkages के साथ उन्हें उजागर करने के लिए समर्पित हैं। बीमा और नकली हेलीकॉप्टर वेबसाइट घोटाला वर्कआउट दोनों ऐसे संगठित अपराधियों को  कड़ा संदेश भेजने के लिए एक प्रमुख उदाहरण है।

मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड  के निर्देशो पर पुलिस महानिदेशक द्वारा एसटीएफ व साइबर पुलिस को प्रभावी कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिये गये है । इस प्रक्रिया में उत्तराखंड साइबर विंग वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, STF की पर्यवेक्षण में काम कर रहा है। इस कार्यकाल के दौरान संगठित साइबर अपराध पर अंकुश लगाने और राष्ट्रीय घोटालों को उजागर करने पर जोर दिया गया है। इसी जोश के साथ उत्तराखंड एसटीएफ (साइबर थाना देहरादून ) ने हाल ही में दो राष्ट्रीय घोटालों- बीमा धोखाधड़ी और फर्जी हेलीकॉप्टर वेबसाइट घोटाला का पर्दाफाश किया है। डीजीपी अशोक कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे अपराधियों का पर्दाफाश करने पर जोर दिया है और समर्पित टीम को गिरफ्तार अपराधियों के कुछ प्रारंभिक लिकेज मिले हैं जिन्हें यहाँ केस वार साझा किया गया  है -

Insurance Scam

टीम ने एक राष्ट्रीय बीमा घोटाले का पर्दाफाश किया है जो पिछले 6-7 वर्षों से गाजियाबाद, नोएडा से चल रहा था। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पिछले महीने दिल्ली से 01 मास्टरमाइंड अजीत राठी को गिरफ्तार किया है जो दिल्ली एनसीआर से पिछले 6-7 साल से ऑल इंडिया इंश्योरेंस धोखाधड़ी चला रहा था धोखाधड़ी में 42 लाख गंवाने वाले एक वरिष्ठ नागरिक (82 वर्षीय) ने एफआईआर दर्ज कराई थी ।जिसमें रिकवरी में 6 मोबाइल, 6 सिम कार्ड, 47000 रुपये नकद, 02 अलग-अलग पीड़ित विवरण के साथ रजिस्टर बरामद हुए थे।

गैंग लीडर 07 मोबाइल नंबर और 12 अलग-अलग IMEIs का इस्तेमाल कर रहा था। प्रारंभिक जांचः (गिरफ्तार आरोपियों के संबंध) लगभग 1400 शिकायतें और 72 FIRs (तेलंगाना - 32, यूपी -13, तमिल नाडू -7, दिल्ली - 5, हरियाणा 4 और 24 अन्य राज्यों / UTs में FIRs) गैंग पूरे भारत में बीमा पॉलिसी इमी, प्रीमियम, मनी रिकवरी आदि के नाम पर लोगों को ठगने में शामिल है। टीम जल्द ही गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

Fake Helicopter Website Scam

I4C (MHA) के समर्थन से STF द्वारा 41 वेबसाइटों को ब्लॉक किया गया है। साइबर क्राइम थाना देहरादून (STF) ने इस साल नवादा/नालंदा (बिहार) से 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर पीएस के पुलिस एसआई आशीष गुसाईं ने एफआईआर दर्ज कराई थी। 3 आरोपियों की गिरफ्तारी से पहले 30 अलग-अलग शिकायतों का तकनीकी विश्लेषण किया गया। इनसे रिकवरी में  15 मोबाइल, 09 सिम कार्ड, 09 एटीएम, 01 पीओएस/एटीएम मशीन, 06 आधार (गिरफ्तार किए गए निरज के पास 04 आधार कार्ड), 03 पासबुक, 01 टैबलेट मिले है।

नीरज कुमार का आपराधिक इतिहास है जहां 2021 में वह जेल (जयपुर) गए थे प्रारंभिक जांचः (गिरफ्तार आरोपियों के संबंध) लगभग 6100 शिकायतें और 280 FIRs (उत्तराखंड-05, यूपी-56, तेलंगाना-112, दिल्ली-18, गुजरात-11, तमिलनाडु-15, हरियाणा-09, बिहार-08, कर्नाटक-08, महाराष्ट्र-07 और अन्य सभी भारत राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में FIRs) पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड द्वारा संबंधित सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशकों को पत्र लिखकर अभियुक्तों के विरूद्ध और कड़ी कार्यवाही करने हेतु भी अनुरोध किया जा रहा है।

गैंग अलग-अलग साइबर अपराधों में शामिल है- फर्जी वेबसाइट, फर्जी लोन साइट, फर्जी फाइनेंस कंपनियां, सेक्सटोर्शन आदि। टीम जल्द ही गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है ।इन घोटालों का पर्दाफाश करने के साथ ही उत्तराखंड पुलिस महिला और बाल सुरक्षा को लेकर भी प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करते हुए, (स्मार्ट पुलिसिंग- SMART Policing), उत्तराखंड पुलिस अपने ऐप के माध्यम से गौर शक्ति सुविधा प्रदान कर रही है जहां 1.2 लाख से अधिक महिलाओं ने अपना पंजीकरण कराया है।

Cyber Tipline

साइबर टिपलाइन बाल यौन शोषण के मामलों के लिए एक रिपोर्टिंग तंत्र है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक रूप में बच्चों को यौन कृत्य या आचरण में चित्रित करने वाली सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित करना शामिल है। बाल यौन शोषण सामग्री (CSAM पर साइबर टिपलाइन रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए अप्रैल 2019 में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB), भारत और नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रेन (NCMEC), USA के बीच एक समझौता (MOU) पर हस्ताक्षर किए गए थे।

एसटीएफ के तहत साइबर क्राइम थाना चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित सभी शिकायतों को स्कैन करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। इस प्रक्रिया में उत्तराखंड पुलिस ने 113 एफ-आईआर दर्ज किया है। जहां इस साल खुद 49 से ज्यादा FIRs दर्ज हुए और 38 शिकायतों पर जल्द ही अलग-अलग जिलों में एफआईआर होगी। चाइल्ड पोर्नोग्राफी कानून (IT act section-67B) : यह गैर-जमानती अपराध है। उत्तराखंड पुलिस प्रवर्तन (केस पंजीकरण, गिरफ्तारी) और शिक्षा (साइबर, यातायात, नशीली दवाओं, महिलाओं / बच्चों से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता) के लिए प्रतिबद्ध है।

## गृह विभाग के आदेशों का भी पालन नहीं कर रहा है पुलिस मुख्यालय

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा का कहना है कि प्रदेश के 26 उप निरीक्षक स्तरीय थानों को निरीक्षक स्तरीय थानों में तब्दील कराने को गृह विभाग ने पुलिस मुख्यालय को चार रिपोर्ट तैयार कर प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। लेकिन नौ माह गुजरने के बाद भी पुलिस मुख्यालय ने शासन को रिपोर्ट बनाकर प्रस्ताव नहीं भेजा है। ऐसी स्थिति में कैसे थानों का उच्चीकरण होगा। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि गृह विभाग ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर 15 नवंबर 2022, 20 दिसंबर 2022, 12 अप्रैल 2023 व 16 मई 2023 को पुलिस मुख्यालय को रिपोर्ट बनाकर प्रस्ताव भेजने के आदेश दिए। लेकिन पुलिस मुख्यालय ने अब तक प्रस्ताव भेजने की जहमत नहीं उठायी है। नेगी ने कहा कि मोर्चा ने सितंबर 2022 को मुख्यमंत्री से उच्चीरण मामले में आग्रह किया था। साथ ही पूर्ववर्ती आदेश के क्रम में शासन ने पुलिस मुख्यालय को निर्देश दिए थे। लेकिन पुलिस मुख्यालय सरकार के निर्देशों को मानने को तैयार नहीं है। जिससे प्रदेश सरकारी की छबि धूमिल होती जा रही है। नेगी ने कहा कि प्रदेश के 160 थानों में से 1श6 थाने उप निरीक्षक स्तरीय हैं, जबकि 54 थाने वर्तमान में निरीक्षक स्तरीय हैं। जनपद देहरादून व उधमसिंह नगर के पांच पांच, हरिद्वार के छह, चमोली, नैनीताल व जीआरपी के दो दो, चंपावत, पौड़ी व टिहरी के एक एक थाने का उच्चीकरण होने से पुलिसिंग व्यवस्था मजबूत होगी। कहा कि इससे अपराधों पर अंकुश लगने के साथ-साथ अवैध कारोबारियों पर भी लगाम लगेगी। कहा कि इससे पुलिस कर्मियों की पदोन्नति भी हो सकेगी 7 मोर्चा ने राजभवन से भी इस मामले में कार्रवाई को लेकर पत्र प्रेषित किया है। कहा कि मोर्चा सरकार एवं राजभवन से मांग करता है कि गैर जिम्मेदार पुलिस मुख्यालय में तैनात अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाय। इस मौके पर दिलबाग सिंह विनयकांत नौटियाल आदि मौजूद रहे।

## परिवहन विभाग देगा दून के स्कूल बस चालकों को विशेष प्रशिक्षण

देहरादून। परिवहन विभाग स्कूलों बसों के ड्राइवरों को तकनीकि रूप से और भी ज्यादा दक्ष बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण देगा। ये प्रशिक्षण झाझरा स्थित आई-टीडीआर में कराया जाएगा। स्कूल में छुट्टी के दिन ड्राइवरों को प्रशिक्षण मिलेगा। संयुक्त परिवहन आयुक्त सनत कुमार सिंह ने दून के आरटीओ-प्रर्वतन को इस बाबत निर्देश जारी किए हैं। कहा कि स्कूल बस ड्राइवरों के 30 से 35 संख्या में बैच बनाकर कर प्रशिक्षण कराया जा सकता है। सिंह ने आरटीओ को प्रशिक्षण प्राप्त ड्राईवर के स्कूल का नाम, वाहन संख्या, मोबाइल नंबर, लाइसेंस नंबर और लाइसेंस की वैधता की की रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए हैं।

## छात्र को लाठी-डंडों से पीटा , मुकदमा दर्ज

देहरादून। पटेलनगर स्थित कॉलेज में पढने वाले एक छात्र की दूसरे छात्र ने अपने साथियों को बुलाकर पिटाई कर दी है। इंस्पेक्टर पटेलनगर सूर्यभूषण सिंह नेगी ने बताया कि जमील अहमद निवासी मेहूंवाला ने तहरीर दी। कहा कि उनका बेटा एसजीआरआर कॉलेज में पढ़ता है। उसकी कॉलेज में पढने वाले रक्षित शर्मा नाम के युवक से कहानसुनी हुई। आरोप है कॉलेज से जाते वक्त रक्षित ने अपने साथ चार युवकों को 15 जुलाई को बुलाया। आरोप है कि उन्होंने पीड़ित के बेटे की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। इंस्पेक्टर पटेलनगर सूर्यभूषण सिंह नेगी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## केहरी गांव में जलभराव से नुकसान

देहरादून। बारिश से प्रेमनगर के पास केहरी गांव में भारी नुकसान हुआ है। यहां रात को दस से ज्यादा घरों में पानी घुस गया। घरों में रखा खाद्यान्न, बर्तन, कपड़ों के साथ रजाई-बिस्तर भी खराब हो गए। सामाजिक कार्यकर्ता सन्नी कुमार ने बताया कि तेज बारिश से नाले चोक हो गए थे, जिस कारण घरों में पानी घुसा है। बताया कि जलभराव से लोगों को भारी नुकसान हुआ, लोग रात भर सो तक नहीं पाए। उन्होंने प्रभावितों को मुआवजा देने की मांग की है।

## उत्तराखंड में पंचम वेतनमान वाले कर्मियों का डीए 16 प्रतिशत बढ़ा

देहरादून। सरकार ने राज्य में पंचम वेतन के अनुसार वेतन पा रहे कर्मचारियों को बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता देने के आदेश जारी कर दिए। राज्य सरकार और स्वास्थ्य निगम, उपक्रमों के इन कर्मचारियों को अब 396 के बजाए 412 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। यह भत्ता एक जनवरी 2023 से मान्य होगा। वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने मंगलवार को इसके आदेश किए। उन्होंने कहा कि जिन कर्मचारियों के वेतनमान छठें और सातवें वेतनमानों में संशोधित नहीं किए गए हैं, उन्हें एक जुलाई 2022 में 396 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता देने का निर्णय किया गया था। अब इस राशि को बढ़ा दिया गया है। एक जनवरी से 30 जून तक के पुनरीक्षित भत्ते का लंबित एरियर नकद रूप में दिया जाएगा। एक जुलाई से इसका वेतन के साथ नियमित रूप से भुगतान किया जाएगा।

# उत्तरकाशी में बारिश से आपदा जैसे हालात, अब तक 12 करोड़ का नुकसान


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तरकाशी 19 जुलाई : मानसून वैसे तो खुशियों का संचार करता है मगर पहाड़ों के लिए यह अभिशाप है। मॉनसून के आगमन के साथ ही उत्तरकाशी जिले में आपदा जैसे हालात बन गए हैं। जुलाई माह के पहले और दूसरे सप्ताह में ही सीमांत जनपद उत्तरकाशी में 12 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। अब भी लगातार नुकसान हो रहा है। इसी के साथ क्षतिग्रस्त सड़कों, पेयजल लाइन, विद्युत लाइन और सिंचाई नहरों की अभी तक मरम्मत नहीं हुई है। बात करें सबसे मूलभूत सुविधा ₹ सड़क ₹ की तो सबसे ज़्यादा नुकसान यहां सड़कों को हुआ है।

इसके चलते अभी भी उत्तरकाशी में 20 से अधिक संपर्क मार्ग बाधित हो रखे हैं जिनसे तकरीबन 40 से अधिक गांवों का संपर्क कटा हुआ है। सबसे अधिक प्रभावित मोरी और पुरोला ब्लाक के गांव हैं . पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त होने से 72 लाख का नुकसान हुआ है। इनके मरम्मत पर खर्च होने वाली अनुमानित धनराशि 1.30 करोड़ बताई जा रही है। वहीं सड़कों की बात करें तो राज्यमार्ग,जिला मार्ग,संपर्क मार्ग मिलाकर कुल 45 सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। वहीं यातायात सुचारु करने में खर्च होने वाली धनराशि लगभग 1.75 करोड़ बताई गई है। क्षतिग्रस्त विद्युत पोल से 95 लाख का नुकसान हुआ है और इनकी मरम्मत में खर्च होने वाली अनुमानित धनराशि 71 लाख है। वहीं क्षतिग्रस्त नहरों की वजह से 95 लाख का नुकसान हुआ है और इनकी मरम्मत पर खर्च होने वाली अनुमानित धनराशि 3.55 करोड़ बताई जा रही है।

वहीं 7 लाख की जनहानि और 15 लाख गंभीर घायलों के इलाज में लगे हैं। मृतक के स्वजन और घायलों को देय राहत राशि 28 लाख और पशु हानि 15 लाख की बताई जा रही है प्रशासन द्वारा प्रभावित पशुपालकों को 6.52 लाख रुपए दिए जाएंगे। जिले में आई मुसीबतों को देखते हुए जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला





ने अधिकारियों की बैठक लेकर उनको एक्शन लेने के आदेश दे दिए हैं। इसी के साथ उन्होंने को भवनों और खेतों जैसी व्यक्तिगत परिसंपत्तियों के नुकसान के आकलन करने और प्रभावितों को राहत उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं।

# साबुन किसी भी रंग का हो लेकिन क्यों निकलता है सिर्फ सफेद झाग ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 19 जुलाई : साबुन हर कोई इस्तेमाल करता है. अपनी पसंद के अनुसार, हर कोई अलग-अलग तरह का साबुन इस्तेमाल में लाता है. बाजार में नहाने से लेकर कपड़े धोने के साबुन उपलब्ध हैं. जो अलग-अलग शेप, साइज और रंग में मिलते हैं. क्या आपने कभी सोचा है कि साबुन किसी भी रंग का हो, उसका झाग हमेशा सफेद ही क्यों निकलता है,,कभी आपके दिमाग में यह भी आता होगा कि जिस रंग का साबुन होता है,

झाग उसी रंग का क्यों नहीं निकलता. बता दें कि इसके पीछे विज्ञान छिपा हुआ है.,विज्ञान की ही वजह से किसी भी साबुन से हाथ धोने के बाद उसका रंग कहीं खो जाता है और झाग सिर्फ सफेद ही निकलता है. विज्ञान के अनुसार, किसी भी चीज का अपना कोई रंग नहीं होता है. किसी भी चीज के रंगीन दिखने के पीछे की वजह प्रकाश की किरणें होती हैं. ,यदि कोई चीज प्रकाश की सभी किरणों को अवशोषित कर लेती है, तो वह चीज काली दिखाई देती है.





दूसरी तरफ अगर कोई चीज प्रकाश की सभी किरणों को परावर्तित कर देती है, तो वह चीज सफेद दिखाई देती है. साबुन के झाग के मामले में भी ऐसा ही है.,

एथेंस साइंस की रिपोर्ट कहती है कि साबुन किसी भी रंग का हो, जब उसका झाग बनता है तो इसमें हवा, पानी और साबुन होता है. गोल आकार लेकर यही बुलबुलों के रूप में दिखते हैं. इन पर जब प्रकाश की किरणें पड़ती हैं तो वह परावर्तित हो जाती हैं. इस कारण ये ट्रांसपेरेंट बुलबुले सफेद दिखाई देते हैं. ,विज्ञान यह भी बताता है कि साबुन के झाग से बने छोटे बुलबुले सतरंगी पारदर्शी फिल्म से बने होते हैं, लेकिन असल में ये ट्रांसपेरेंट होते हैं. इसी कारण जब इनके ऊपर प्रकाश की किरणें पड़ती हैं तो यह परावर्तित हो जाती हैं. यही कारण है कि साबुन हरे रंग का हो या पीला, नीले रंग का हो या सफेद झाग हमेशा सफेद ही निकलता है.

# बरसात के मौसम में अलर्ट रहे अफसर

पौड़ी। जिला विकास समन्वय एवं विकास समिति (दिशा) की बैठक में सांसद गढ़वाल तीरथ सिंह रावत ने अफसरो को बरसात के मौसम में अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। सासंद ने अफसरो को गुणवत्ता व आपसी समंवय बनाकर काम करने के निर्देश दिए। मंगलवार को विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में सांसद ने एनएच, लोनिवि, पीएमजीएसवाई के अफसरो को बरसात के मौसम में मोटर मार्गो को यातायात के लिए सुचारु रखनें के लिए युद्व स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत स्तर पर बनी पानी की टंकियों में कीटाणुनाशक दवाएं नहीं डाले जाने पर समिति के सदस्यों व ब्लाक प्रमुखों ने जल संस्थान के अधिकारियों को आडे हाथों लिया। कहा कि बरसात के मौसम में पानी की टंकियों में क्लोरीन अनिवार्य रुप से डाला जाए। पौड़ी-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पौड़ी के निकट बंद पडे एक स्क्रबर को एनएच की जेसीबी के द्वारा खोलते समय जल संस्थान के 40 पेयजल संयोजन क्षतिग्रस्त होने पर न तो जल संस्थान व ना ही एनएच के अफसरो द्वारा संज्ञान लिया गया। जिसपर सांसद ने दोनो अफसरो को आपसी समंवय से तत्काल पेयजल लाइने ठीक करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रमुख बीरौंखाल ने कहा कि लोनिवि बैजरों द्वारा वर्ष 2005 के बाद क्षेत्र में हुए सडक़ निर्माण का मुआवजा नहीं दिया है। जिससे ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। बैठक में समिति के सदस्यों ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पेयजल लाईनों को मानकों के अनुसार नहीं बिछाया जा रहा है। सांसद ने जल संस्थान के अफसरो को मानकों के अनुरूप काम करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी, नगर पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम, ब्लाक प्रमुख दीपक कुकशाल, महेंद्र राणा, बीना राणा डीएम डॉ. आशीष चौहान आदि शामिल रहे।

# अंकिता को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस

पौड़ी। विधायक प्रतापनगर ने अंकिता के घर जाकर परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने अंकिता के परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। कहा कि कांग्रेस अंकिता को न्याय दिलाने का काम करेगी। मंगलवार को प्रतापनगर के विधायक विक्रम सिंह नेगी ने अंकिता की मा सोनी देवी व पिता विक्रम भंडारी से मुलाकात की। इस दौरान विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि अंकिता को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस स्वाभिमान न्याय यात्रा चला रही है। यात्रा के माध्यम से अंकिता को न्याय दिलाने की मांग की जा रही है। उन्होंने अंकिता के परिजनों को भरोसा दिलाया कि आपकी इस लड़ाई में पूरा प्रदेश उनके साथ है ।

## संक्षिप्त खबरें

### नौकरी पर न लेने से नाराज पर्यावरण मित्र आज से देगा धरना

रुद्रप्रयाग। बीते लम्बे समय से नगर पालिका द्वारा नौकरी से हटाए गए पर्यावरण मित्र रामपाल सिंह आज बुधवार से नगर पालिका कार्यालय में धरना देंगे। रामपाल ने बताया कि वह वर्ष 2014 से नगर पालिका में कार्यरत हैं जबकि कोरोना के दौरान उन्होंने जान जोखिम में डालकर सेवाएं दी। उन्होंने आरोप लगाया कि 7 महीने से नगर पालिका द्वारा उन्हें हटाया गया है जबकि इस दौरान वेतन भी नहीं दिया है जिससे परिवार के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। रामपाल ने कहा कि वह नगर पालिका की कार्यशैली से नाराज होकर 19 जुलाई आज से नपा कार्यालय परिसर में धरना देंगे जबकि कार्रवाई न होने पर 21 जुलाई से मजबूर होकर भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी नपा की होगी।

### प्राथमिक विद्यालय छिनका का भवन हुआ क्षतिग्रस्त

चमोली। चमोली जिले के दशोली विकास खंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय छिनका विद्यालय भवन भूस्खलन की भेंट चढ़ गया है। निर्माणाधीन सडक़ के मलबे से विद्यालय भवन के कक्षों की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे कक्ष मलबे से भर गए हैं। इस प्राथमिक विद्यालय में 43 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। सोमवार रात को आई भारी बारिश के दौरान विद्यालय की दीवारें भी ढह गई। जिससे दो कक्षों में मलबा भर गया हैं। विद्यालय भवन को भी भूस्खलन से खतरा बना हुआ है। विद्यालय का बरामदा और एक कक्ष सही हालत में हैं। इन्हीं बचे खुचे कमरों में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। प्रधानाध्यापक कुलदीप रावत ने कि विद्यालय भवन की दीवार गिरने की सूचना शिक्षा विभाग के उच्च धिकारियों को दे दी गई है। सामाजिक कार्यकर्ता बच्चीराम उनियाल व अभिवावक संघ के अध्यक्ष विवेक सती का कहना है कि निर्माणाधीन सडक से आ रहे मलबा, बोल्डरों और भूस्खलन से विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की सुरक्षा प्राथमिकता में है। निर्माणाधीन सडक़ का पानी व मलबा भारी बारिश के कारण स्कूल के ऊपर से बहकर आ रहा है। ग्रामीणों ने कहा इसके लिए सडक़ की निर्माण दायी संस्था से भी जवाब लिया जायेगा। साथ ही साथ उच्च अधिकारियों के संज्ञान में तीन साल पहले नये बने इस स्कूल की बनाने की गुणवत्ता पर भी सवाल किये जायेगे ।

### दीवार एवं गौशाला टूटने से चार मवेशी दबे

चमोली। इन दिनों बारिश लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। सोमवार रात भर हुई तेज बारिश के कारण केवर तल्ला के उकाल्यूं तोक में भवानी लाल के घर के आगे की दीवार भरभराकर टूट गई। जिसकी चपेट में आकर कमला लाल की गौशाला पूरी तरह जमींदोज हो गई और उनके तीन गाय और एक बछड़ा मलबे में दब गए। यह घटना मगलवार सुबह लगभग तीन बजे की बताई जा रही है। बारिश और भूस्खलन के कारण यहां पर कई घरों पर दरारें पडऩे से यहां रहने वालें परिवारों में भय का माहौल बना हुआ है। भवानी लाल के घर की आगे की दीवार टूटने से उनका घर भी खतरे की जद में आ गया है। पीड़ितों की सूचना पर राजस्व विभाग और एसडीआरएफ और पशुपालन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मलबे में दबे जानवरों को निकालने का प्रयास कर दो गायों को बचा लिया गयी जबकि दो और जानवरों को मलबे से निकालने का प्रयास जारी है। राजस्व उपनिरीक्षक जगदीश चन्द्र ओलिया ने कहा कि दबे हुए जानवरों को निकालने का प्रयास कर रहे हैं और जिन दो गायों को बचाया गया है वह गंभीर रूप से घायल है। पीड़ित परिवार को उनके जानवरों का मेडिकल आदि करने के उपरांत देवीय आपदा के तहत नियमानुसार मुआवजा दिए जाने की प्रक्रिया को अमल में लाया जाएगा। इस अवसर पर पशुधन सेवक त्रिलोक सिंह राणा, नरेंद्र सिंह, एसडीआरएफ टीम लीडर हर्षवर्धन आदि मौजूद थे।

### चमोली जिले में जल संरक्षण अभियान शुरु

चमोली। प्राचीन जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने और नये जल स्रोतों बनाने को लेकर मुख्यमंत्री जल संरक्षण एवं संवद्र्धन अभियान चमोली जिले में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सभी रेखीय विभागों द्वारा समन्वित रूप से ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में जल संग्रहण हेतु चाल खाल, चेकडैम, खंती निर्माण और जल संवर्धन प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे। अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में सभी संबंधित विभागों की बैठक ली।

# सुबह-सुबह कोई भी गाना सुनने के बाद दिनभर क्यों गुनगुनाता रहता है इंसान : रिसर्च

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 19 जुलाई : आपने अक्सर महसूस किया होगा कि अगर हमने सुबह-सुबह कोई गाना सुन लिया है तो वह सारा दिन हमारे दिमाग में नाचता रहता है और हम उसे दिनभर गुनगुनाते रहते हैं. फिर चाहे बीच में कितने भी गाने सुन लें, लेकिन जो गाना सुबह-सुबह दिमाग में चढ़ता है फिर उसका सुरूर रात तक नहीं उतरता है. उसकी धुन दिन भर जुबान पर चढ़ी रहती है. क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा क्यों होता है?

इसके पीछे का कारण जानने के लिए वैज्ञानिकों ने रिसर्च किया और पता लगाने की कोशिश की कि क्या इसमें जुबान की कोई गलती है या हमारे कान की गलती है. इसके बाद पता चला कि ये दिमाग की एक खास फंक्शनिंग की वजह से होता है. विज्ञान में एक शब्द होता है इयर वॉर्म्स . इस चीज के पीछे इयर वॉर्म्स ही काम करता है. ये हमारे दिमाग में काम करने वाला एक सेंस है, या ये कह लीजिए कि यह दिमाग में होने वाली खुजली है.

इसे लेकर अमेरिका साइकोलॉजी एसोसिएशन जर्नल ने एक रिसर्च पेपर छापा. इस रिसर्च के अनुसार, किसी अलग धुन को याद रखना सबसे आसान काम है. इस पर रिसर्च के लिए Dartmouth University के रिसर्चर्स ने एक ही गाना कई लोगों को सुनाया. ये ऐसा गाना था, जो वह पहले भी सुन चुके थे. इसके बाद गाने को बंद कर दिया गया. इसके बाद इन लोगों का 'ऑर्डर की कॉर्टिक्स' वाला हिस्सा एक्टिव हो गया.

जिन भी लोगों को यह गाना सुनाया गया. वह लगातार यह गाना गुनगुनाने लगे. बता दें कि दिमाग की खुजली की वजह से अगर कोई धुन सुरीली होती है, तो यह दिमाग में अटक ही जाती है. एक तरह से ऑडिटरी कॉर्टिक्स इंसान के दिमाग का ऐसा हिस्सा है, जो किसी बात को एक बार सुनने के बाद अलग तरह का रिएक्शन देता है. आपको जानकर दिलचस्प लगेगा कि 99 फीसदी लोग इस स्थिति के कभी न कभी शिकार जरूर हो चुके हैं.



# उत्तराखंड में मिला आई ट्यूमर का पहला मरीज, डॉक्टर्स ने किया सफल ऑपरेशन





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 19 जुलाई : ब्रेन ट्यूमर के कई केस आपने सुने होंगे लेकिन पौड़ी के उप जिला अस्पताल श्रीनगर में अनोखा मामला प्रकाश में आया है। यहां एक 40 साल के व्यक्ति की आंख में ट्यूमर डिटेक्ट हुआ है। डॉक्टरों ने मरीज का सफल ऑपरेशन किया।

ऑपरेशन के बाद मरीज स्वस्थ है। बता दें कि शख्स पिछले लंबे समय से आंख में दर्द की परेशानी से जूझ रहा था। डॉक्टरों की मानें तो मरीज की आंख में ट्यूमर यूवी किरणों पराबैंगनी किरणों के कारण हुआ। फिलहाल मरीज स्वस्थ है।

मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। दरअसल, टिहरी के चौरास क्षेत्र निवासी गणेश पिछले 6 माह से आंख में दर्द की शिकायत से परेशान था। डॉक्टर के पास जाने पर वह नॉर्मल समस्या पर दवाई ले रहा था। लेकिन दर्द से छुटकारा नहीं मिल पा रहा था। इसके बाद गणेश श्रीनगर संयुक्त अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने गणेश की जांच की तो आंख में ट्यूमर होने की जानकारी मिली। इसके बाद डॉक्टरों ने तुरंत गणेश का ऑपरेशन किया।

अस्पताल के आई सर्जन डॉक्टर मोहित ने बताया कि ये अलग मामला था, क्योंकि जनरली आंख में ट्यूमर नहीं होता है, लेकिन पहली बार उत्तराखंड में आंख में ट्यूमर का मामला सामने आया है। उन्होंने बताया कि ये ट्यूमर सूर्य की पराबैंगनी किरणों के कारण मरीज को हुआ था। ऑपरेशन काफी क्रिटिकल था मगर डॉक्टरों की टीम ट्यूमर हटाने में सफल हुई है। फिलहाल मरीज का ऑपरेशन कर दिया गया है और वह स्वस्थ बनाए जा रहे हैं।

# यूकेडी पदाधिकारियों ने की नव नियुक्त डीएम से मुलाकात

रुद्रप्रयाग। मंगलवार को उत्तराखंड क्रांति दल के प्रतिनिधिमंडल ने जिले के नवनियुक्त जिलाधिकारी सौरभ गहरवार से मुलाकात की साथ ही उन्हें जिले की समस्याओं से अवगत कराया। यूकेडी पदाधिकारियों ने मुख्य रूप से रेलवे निर्माण कार्यो के कारण जनपद मुख्यालय के नजदीक औण गांव का विस्थापन अमसारी वार्ड में हो रहे भू-धंसाव को रोकने के उपाय, खांकरा नरकोटा आदि रेलवे प्रभावित गांवो में विस्फोटो से हुए नुकसान के मुआवजे की मांग की। उन्होंने कहा कि एनएच एवं ग्रामीण क्षेत्रों की सडक़ों के सुधारीकरण करने, जनपद मे लंपी रोग से प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्र डॉक्टरों की टीम भेजने, पलायन से प्रभावित बच्छणस्यू क्षेत्र मे पलायन रोकने को ठोस कार्ययोजना बनाने, रुद्रप्रयाग से सोनप्रयाग तक के व्यापारियों को केदारनाथ यात्रा का लाभ दिलाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने को लेकर कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर उक्रांद जिलाध्यक्ष बुद्धिबल्ल ममगाईं, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भगत चौहान, संगठन मंत्री लोकेश भट्ट, बलबीर चौधरी, एलपी डिमरी आदि मौजूद थे।

## मलबा आने से केदारनाथ हाईवे दिन भर रहा बंद

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ हाईवे कई स्थानों पर मलबा गिरने से खतरनाक बना है। यहां पहाड़ी से मलबा आने के कारण हाईवे कई स्थानों पर बाधित हो रहा है। हालांकि मंगलवार को तलसारी में भूस्खलन के चलते मार्ग सुबह से सांय तक बंद रहा। एनएच लोनिवि द्वारा हाईवे को खोलने का काम जारी है। वहीं विद्यापीठ गुप्तकाशी में सडक़ धंसने के कारण आवाजाही में खतरा बना है। लगातार हो रही बारिश के चलते केदारनाथ हाईवे कई जगहों पर जानलेवा बन गया है।

## केंद्रीय अनुसूची में शामिल हो गंगाड़ी ओबीसी समुदाय

नई टिहरी। बंस्यूल क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य जयवीर सिंह रावत ने डीएम को ज्ञापन देकर थौलधार विकास खंड में निवासरत गगाड़ी समुदाय को केंद्रीय ओबीसी की अनुसूची में शामिल करवाने और उस दौरान ओबीसी में शामिल होने से छूटी जातियों को ओबीसी में शामिल करवाने की मांग की है। सोमवार को जिपंस जयवीर सिंह रावत ने डीएम मयूर दीक्षित से मुलाकात कर ज्ञापन देते हुए अवगत कराया कि विगत आठ वर्ष पूर्व थौलधार ब्लाक में निवासरत पिछड़े लोगों को राज्य सरकार ने राज्य ओबीसी में शामिल करते हुए यहां निवासरत लोगों को गंगाड़ी माना था। लेकिन इतने साल बीतने के बाद भी गंगाड़ी समुदाय को केंद्रीय ओबीसी की अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है। जिसके चलते गंगाड़ी लोगों को केंद्रीय सेवाओं में ओबीसी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसे तत्काल केंद्रीय की अनसूची में शामिल किया जाय।

## संक्षिप्त खबरें

### मारपीट के आरोपी पार्षद की गिरफ्तारी को तहसील कर्मचारियों का धरना

रुडक़ी। रजिस्ट्रार कानूनगो के साथ मारपीट के आरोपी पार्षद और उसके साथियों की गिरफ्तारी के लिए तहसील कर्मचारियों ने कार्यबहिष्कार कर धरना शुरू कर दिया है। उत्तराखंड लेखपाल संघ के बैनर तले हुए शुरू हुए धरने को तहसील के अन्य संवर्गों ने भी समर्थन दिया। जलभराव प्रभावित क्षेत्र साउथ सिविल लाइंस में रविवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे प्रशासनिक अफसरों के साथ रजिस्ट्रार कानूनगो विजेंद्र कुमार पानी निकासी के काम में लगे हुए थे। आरोप है कि पार्षद सचिन चौधरी और उनके साथियों ने गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। रजिस्ट्रार कानूनगो का कहना है कि पार्षद एक लाइट के ऊपर बैठ गए थे। इससे वह टूट सकती थी। रात होने के कारण दूसरी लाइट की व्यवस्था करना मुश्किल रहता। इससे राहत कार्य में समस्या हो सकती थी। इसलिए उन्हें उसमें बैठने से मना किया गया। पार्षद को वहां से उठने के लिए तो वह भडक़ गए। पार्षद ने अपने साथियों के साथ अभद्रता कर मारपीट की।

### मस्जिद से इन्वर्टर चोरी

रुडक़ी। कलियर क्षेत्र के बेडपुर चौक के पास स्थित मस्जिद से चोरों ने सोमवार की रात को बैटरी और इन्वर्टर चोरी कर लिया है। सुबह वहां पहुंचे लोगों को बैटरी और इनवर्टर नहीं दिखा। मस्जिद कमेटी की ओर से मुर्तजा, दिलशाद, शहजाद ने पुलिस चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसओ जहांगीर अली ने बताया तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### अवैध खनन में एक ट्रक सीज

रुडक़ी। मंगलवार को भगवानपुर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आशीष कुमार मिश्रा ने अवैध खनन कर ला रहे एक ट्रक को कब्जे में लेकर उसकी सीज कार्रवाई की। इसके बाद खनने करने वाले लोगों में हडक़ंप की स्थिति बनी रही।

### टूटी सडक़ में बाइक गिरने से युवक की मौत,साथी घायल

रुडक़ी। टूटी सडक़ में बाइक गिरने से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई जबकि उसका दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दिए बगैर शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया है। लंढौरा से भगवानपुर चंदनपुर जाने वाले मार्ग पर ईंट भ_े के पास पांच दिन पहले ओवरफ्लो तालाब के पानी से सडक़ टूट गई थी। तभी से सडक़ करीब 25 फिट चौड़ी और करीब दस फिट गहरी टूटी हुई है। सोमवार देर रात को भगवानपुर चंदनपुर निवासी 20 वर्षीय महताब और 19 वर्षीय सुलेमान बाइक से घर लौट रहे थे। मार्ग के टूटे होने की जानकारी न होने से तेज गति से चल रही बाइक सडक़ में बने गड्ढे में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार युवक महताब की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सुलेमान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को रुडक़ी के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि इस संबंध में कोई शिकायत मिलती है तो छानबीन की जाएगी।

### ढाई लाख के विवाद में कोतवाली में हंगामा

रुडक़ी। कोतवाली में ढाई लाख रुपये को लेकर जमकर हंगामा हुआ। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। ढंडेरा निवासी एक युवक ने अपने एक परिचत युवक को ढाई लाख रुपये कुछ दिनों के लिए उधार दिए थे। परिचित युवक के साले के खाते में 11 हजार रुपये और बाकी रकम नकद दी गई। इसके लिए एक एग्रीमेंट पर दोनों पक्षों ने साइन किए थे। रुपये करीब एक हफ्ते बाद लौटाने थे। जिस युवक को रुपये दिए गए वह अपने भाई के साथ रुडक़ी में दुकान चलाता है। तय समय पर उसने रुपये वापस नहीं लौटाए। इसके बदले में उसने अपने कारोबारी बड़े भाई की कार युवक के पास गिरवी रख थी। उसे कुछ चेक भी दिए गए। उसके बाद कार छुड़वाने की बात कही। युवक ने कार देने की बात बड़े बड़े भाई को नहीं बताई थी। उससे कहा था कि कार में कुछ खराबी आई थी इसलिए उसे गैराज में ठीक कराने को दिया है और लगातार बारिश के कारण गैराज बंद है। बारिश थमने के बाद बड़े भाई ने छोटे भाई से कार वापस लाने को कहा तो वह टालमटोल करने लगा।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# उत्तराखंड : 1 हजार करोड़ की लागत से बनेगा नैनीताल-रानीबाग रोपवे, ये है प्रोजेक्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल 19 जुलाई : रानीबाग-नैनीताल रोपवे परियोजना के काम को रफ्तार मिलने की उम्मीद जगी है। हाईकोर्ट से जनहित याचिका के निस्तारित होने के बाद अब इस रोपवे परियोजना की फाइल आगे बढ़ रही है। रानीबाग-नैनीताल रोपवे परियोजना को सीएम पुष्कर सिंह धामी अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बता चुके हैं। इसे नैनीताल में पर्यटन सीजन में जाम की समस्या का समाधान माना जा रहा है। डीएम वंदना ने कार्यदायी संस्थाओं के साथ बैठक के बाद 2027 से आवाजाही शुरू होने का दावा किया है। इससे पहले मुख्य सचिव एसएस संधू नैनीताल दौरे के दौरान तीन साल के भीतर इस प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन पूरा होने का दावा कर चुके हैं।

प्रोजेक्ट को लेकर डीएम ने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं संग बैठक की। जिसमें प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार करने के लिए समयबद्ध रूप से काम करने के निर्देश दिए गए। आपको प्रोजेक्ट की खूबियां भी बताते हैं। हाल में प्रोजेक्ट को लेकर नए सिरे से प्री फीजिबिलिटी सर्वे किया गया है। इस सर्वे के अनुसार प्रस्तावित रोपवे की लंबाई 11.45 किमी होगी और रानीबाग, ज्योलीकोट व हनुमानगढ़ी में तीन स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। डीपीआर तैयार करने का टेंडर भी कर दिया गया है। प्रोजेक्ट की लागत करीब एक हजार करोड़ रुपये के आसपास है।

नैनीताल-रानीबाग रोपवे प्रोजेक्ट बनने से 2023-2033 में इस मार्ग पर चार प्रतिशत यात्री बढ़ेंगे। पर्यटक बगैर किसी जाम के रानी बाग से नैनीताल का सफर 60 मिनट में पूरा कर सकेंगे। कार्यदायी संस्था की ओर से 2019 में करीब साढ़े नौ लाख पर्यटकों के इस मार्ग से आने के आधार पर यह आकलन किया गया है। 2027 में रोपवे से साल भर में 33 लाख, 2030 में 39 लाख, 2045 में 60 लाख से अधिक यात्रियों के परिवहन का अनुमान है। डीएम वंदना सिंह ने बताया कि प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक में तीन स्टेशन बनाने के लिए भूमि हस्तांतरण, टावर, बिजली पोल हटाने के संबंध में समन्वय बनाते हुए समयबद्ध तरीके से काम करने पर चर्चा की गई। अधिकारियों को समयबद्ध रूप से काम करने के निर्देश दिए गए हैं।






# बीजेपी अध्यक्ष दून सिद्धार्थ अग्रवाल की अपील, जलभराव में मदद करें कार्यकर्त्ता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 19 जुलाई , देहरादून महानगर में लगातार हो रही बारिश से आमजन को समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। इसके तत्काल समाधान के लिए भाजपा संगठन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि सड़कों पर नज़र आने लगे हैं। महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी देहरादून सिद्धार्थ अग्रवाल ने 21 कैंट विधानसभा शास्त्रीनगर क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालत उत्पन्न होने के कारण स्थानीय क्षेत्रवासियों के घरों में पानी जाने से हो रही परेशानी को देखते हुए रीमा देवी मंडल मंत्री प्रेम नगर कांवली से मिली सूचना पर तत्काल स्थानीय भाजपा पदाधिकारी को लेकर मौके पर गए।

स्थानीय पार्षदगणों में मीरा कठैत एवं पूर्व पार्षद ओमेंद्र सिंह भाटी से समस्या के स्थायी समाधान करने का आग्रह किया एवं अपने स्तर से यथा संभव का आस्वासन दिया इस दौरान महानगर संयोजक सोशल मीडिया आशीष शर्मा महानगर सह संयोजक सोशल मीडिया रंजीत सेमवाल मंडल अध्यक्ष अंजू बिष्ट मंडल उपाध्यक्ष शिशिर कांत त्यागी मंडल उपाध्यक्ष राहुल चौहान , तेजपाल सैनी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष उदय राम संदीप कठैत भी उपस्थित रहेमहा-नगर अध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी महानगर देहरादून के समस्त महानगर पदाधिकारी/कार्यकर्त्ताओं से आह्वान किया कि कि सभी पदाधिकारीगण भी अपने-अपने क्षेत्र में जहां पर भी किसी प्रकार की आम जनमानस को बरसात के कारण कोई भी समस्या हो रही हो वहां पर आप अपने तरफ से यथाशक्ति सहयोग करें।



# श्रीनगर बांध से पानी छोड़ने के बाद देवप्रयाग में उफान पर आई अलकनंदा

नई टिहरी। श्रीनगर बांध परियोजना से मंगलवार को तीन दिनों में ही दोबारा पानी छोड़े जाने से देवप्रयाग में अलकनंदा खतरे के निशान तक पहुंच गई। श्रीनगर बांध से 3 हजार क्यूमैक्स पानी छोड़े जाने से देवप्रयाग में अलकनंदा का जलस्तर 463 मीटर तथा भागीरथी भी 462 मीटर तक आ गई। जबकि गंगा 460 मीटर के निशान पर बहती दिखी। जो खतरे के निशान से दो मीटर नीचे है। लगातार बारिश से श्रीनगर बांध परियोजना का जल भराव चेतावनी स्तर पहुंचने के बाद यहां से मंगलवार को 3 हजार क्यूमैक्स पानी छोड़ा जाने लगा। इससे अलकनंदा में सुबह साढे 9 बजे से जलस्तर बढने लगा। जो दोपहर दो बजे तक खतरे के निशान 463 मीटर तक पहुंच गया। इसके बाद जल स्तर शाम तक इसी पर बना रहा। पानी बढने से अलकनंदा टोडेश्वर टापू को पार कर बहने लगी। जबकि यहां से संगम की ओर बन रहे पुल की साइट भी इससे डूब गई। संगम पर मां गंगा में हनुमान जी आदि की मूर्तियां भी जल मग्न हो गई। वहीं यहां विदेशी लोग संगम पर गंगा में डुबकी लगाते भी दिखे। तहसीलदार मानवेंद्र वर्तवाल के अनुसार, श्रीनगर बांध से पानी छोड़े जाने की सूचना आने के बाद नदी किनारे रहने वालो को लगातार अलर्ट किया जा रहा है। मंगलवार को अलकनंदा का जल स्तर खतरे के निशान तक ही बना रहा। अलकनंदा के बढने से यहां संगम घाट, रामकुंड, धनेश्वर घाट, फुलाड़ि घाट आदि पानी में डूब रहे।

## विधायक किशोर ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

नई टिहरी। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने आपदा ग्रसित क्षेत्रों का मंगलवार को जायजा लिया। टिहरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा बुड़ोगी व जाखणीधार क्षेत्र के ग्राम सभा उठड़ व सहित आस-पास के क्षेत्रों में पहुंचकर आपदा प्रभावित क्षेत्रों व यहां के निवासियों का हाल-चाल जाना। स्थानीय लोगों से बातचीत करते हुए विधायक ने कहा कि प्रदेश के सीएम पुष्कर सिंह धामी सहित वह आपदा की इस घड़ी में जनता के साथ हैं और निरंतर जनता के बीच हैं। कहा कि यदि गांव में किसी भी तरह की कोई आपदा या किसी का घर अगर क्षतिग्रस्त हुआ है, तत्का सूचना दें। इसे लेकर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देकर कार्यवाही सुनिश्चित करवाई जायेगी। जिले के आपदा से जुड़े अधिकारियों को सीएम स्तर से त्वरित कार्यवाही के निर्देश पहले से ही जारी किए गये हैं। गांव-गांव तक जाकर अधिकारियों को बारिश से हुए नुकसान का आंकलन करने को भी निर्देशित किया गया है।

# संक्षिप्त खबरें

## एक भी सांसद विपक्ष का होता तो अंकिता भंडारी प्रकरण राष्ट्रीय मुद्दा बनताः नेगी

श्रीनगर गढ़वाल। प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि उत्तराखंड के पांच सांसदों में अगर एक भी सांसद विपक्ष का होता तो अंकिता भंडारी प्रकरण राष्ट्रीय मुद्दा बना होता। उन्होंने कहा कि इसके अभाव में आज हमारी आवाज संसद में मूक बनकर रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में जो संलिप्त हैं वह भाजपा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी के परिजनों को कांग्रेस के लोगों ने मंगलवार को 1 लाख 11 हजार रूपए की धनराशि भेंट की है। जिससे वह अपनी कानूनी लड़ाई को मजबूती से लड़ सकें। अंकिता भंडारी के गांव से यहां लौटे विधायक नेगी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रचंड बहुमत की सरकार में विकास के निशान धरातल पर नहीं हैं। झूठ का प्रपंच कर जनता को फंसाने के लिए नए-नए जाल बिछाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अग्निवीर भर्ती मजाक बन कर रह गई है। नौकरियों में घोटाला होना बड़ा दुर्भाग्य है। उन्होंने भर्ती घोटाले व अंकिता मामले में सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि महंगाई जब सरकार के नियंत्रण में नहीं है तो उन्हें सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। आउटसोर्स के नाम पर ठेकेदार पैदा कर भाजपा राज्य के लोगों को छलने का काम सरकार कर रही है। इस मौके पर कांग्रेस शहर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल, प्रदीप तिवाड़ी, महेश जोशी, टीटू त्यागी, बुद्धि सेमवाल, देवेंद्र सिंह, ललित बदरी, राहुल खरोला, अनमोल भंडारी, अमन पंवार आदि मौजूद रहे।

## पुस्तकालय से जुड़ी मांगों को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के छात्र संघ उपाध्यक्ष रोबिन सिंह के नेतृत्व में छात्रों ने बिड़ला परिसर में पुस्तकालय से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर छात्रों के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान बिड़ला एवं चौरास परिसर में पुस्तकालय एवं रीडिंग रूम रविवार को भी खोले जाने, नए रीडिंग रूम बनाए जाने, पुस्तकालय में लॉकर व वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराने, साइबर लाइब्रेरी व ई-लाइब्रेरी की सुविधा दिए जाने, रीडिंग रूम एवं पुस्तकालय में पर्याप्त एसी, कूलर, पंखे, वाटर कूलर एवं प्यूरीफायर की सुविधा छात्रों को दिए जाने की मांग की।

## शिक्षा मंत्री ने श्रीनगर में रोपे पौधे

श्रीनगर गढ़वाल। हरेला पर्व पर शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने मेडिकल कॉलेज परिसर में डॉक्टरों एवं एमबीबीएस छात्रों के साथ अलग-अलग प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज प्रशासन को रोपे गए पौधों की देखभाल करने के निर्देश भी दिए। दूसरी ओर एंजेल्स हेवन स्कूल में मंगलवार को विद्यालय परिवार ने आम, अमरूद, पपीता और जामुन के पौधों का रोपण किया। स्कूल की प्रधानाचार्य विभा भट्ट व प्रबंधक आरपी भट्ट ने हरेला पर्व का महत्व बताते हुए अधिकाधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की प्रेरणा दी। पर्व में परिस्कारम विद्यालय श्रीकोट के छात्रों व शिक्षकों ने स्टेडियम में पौधरोपण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र बत्र्वाल ने बच्चों को अपने जन्म दिवस के अवसर पर एक-एक पौधा रोपण कर करने के लिए प्रेरित किया। वहीं गढ़वाल विवि के पर्यावरण विज्ञान विभाग की ओर से चौरास परिसर में वृक्षारोपण कर उनके संरक्षण की शपथ ली। विभागाध्यक्ष प्रो. आरके मैखुरी ने रोपित किए जा रहें औषधीय पादपों के महत्व पर प्रकाश डाला। जय हो छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं बिरेंद्र बिष्ट, पुनीत अग्रवाल आदि ने भी चौरास परिसर में पौध रोपण अभियान चलाया।

## शिक्षक नीरज नैथानी का नागरिक अभिनंदन किया

श्रीनगर गढ़वाल। शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार( वर्ष 2013 ) व शैलेश मटियानी पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक व कवि नीरज नैथानी का राजकीय हाईस्कूल बिझौली नारसन रूडकी हरिद्वार से प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त होने पर श्रीनगर में नागरिक अभिनंदन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने शिक्षा के क्षेत्र में उनकी 40 वर्ष की सेवाओं की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि नैथानी एक प्रतिष्ठित शिक्षक के साथ-साथ राष्ट्रीय फलक पर स्थापित कवि व रंगकर्मी भी रहे हैं, उन्होंने हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनारों व काव्य गोष्ठियों में प्रतिभाग करते हुए राज्य को गौरवान्वित किया। उन्हें साहित्य साधना के लिए पंडित राहुल सांकृत्यायन पुरस्कार, हिंदी भूषण सम्मान, हिंदी गौरव, हिंदी सेवा सम्मान आदि प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया साथ ही उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन व विभिन्न नामचीन साहित्यकारों की पुस्तकों की समीक्षा भी की।

# शराब के शौकीन कालिया बंदर को उम्रकैद की सजा, गुनाह सुनकर आप भी रह जाएंगे दंग



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 19 जुलाई : इंसानों को उम्र कैद की सजा तो आपने सुनी होगी, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि यूपी के कानपुर जिले में एक बंदर को भी उम्रकैद की सजा मिली है. कानपुर प्राणि उद्यान में पिछले पांच सालों से पिंजरे में कैद कालिया नाम के बंदर को उम्र कैद मिली है. मिर्जापुर से पकड़ कर इस आतंकी बंदर को यहां लाया गया था, जिसके व्यवहार में अब तक कोई सुधार नहीं आया है. इस बंदर 'कालिया' का आतंक इस कदर था कि महिलाएं और बच्चे उसके नाम से दहशत खाते थे.

आपको बता दें कि यूपी के मिर्जापुर में 5 साल पहले एक बंदर ने जमकर आतंक मचा रखा था. इस बंदर ने लगभग 250 महिलाओं और बच्चों को अपना निशाना बनाकर गंभीर रूप से घायल किया था. तमाम प्रयासों के बाद भी बंदर को पकड़ा नहीं जा सका. जिसके बाद कानपुर प्राणी उद्यान की टीम ने उसको मिर्जापुर से पकड़ा था. वैसे तो कानपुर चिड़ियाघर में कई उत्पाती बंदर बंद हैं, जिनको अब रिहा करने की तैयारी भी है. लेकिन कालिया को रिहा बिल्कुल नहीं किया जाएगा.

दरअसल उसके स्वभाव में सुधार नहीं आया. वह अभी भी पहले की तरह ही आक्रामक है. कालिया महिलाओं के लिए खौफ का पर्याय बना हुआ था.वह महिलाओं को देखकर तरह तरह के भद्दे इशारे किया करता था. बंदर महिलाओं को इशारे करने के साथ ही मन ही मन बुदबुदाने लगता था. 5 साल उसको कैद में रहते हुए हो गए लेकिन अभी भी वह अटैक करने को दौड़ता है. जिस वजह से उसको गेट के बाहर नहीं निकाला जा सकता.

चिड़ियाघर के डॉ नासिर ने बताया 'कालिया' को एक तांत्रिक ने पाला था. वह उसे खाने में मांस और पीने के लिए दारू देता था. जिसके चलते उसका स्वभाव बहुत हिंसक हो गया. वहीं जब तांत्रिक की मौत के बाद लोगों के ऊपर अटैक करने लगा था.उसे पांच साल पहले मिर्जापुर से पकड़ कर चिड़ियाघर लाया गया था.

# आ गई है गजब की टी-शर्ट, पहनते ही बताने लगेगी आपकी हार्टबीट




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 19 जुलाई : दुनिया में हर दिन कुछ न कुछ अनोखा रिसर्च होता रहता है. इस रिसर्च में वैज्ञानिक कुछ ऐसी खोज ला देते हैं, जो हमारे आम जीवन को बहुत प्रभावित करती है. इन दिनों वैज्ञानिकों ने इंसानों के लिए एक ऐसी टी-शर्ट विकसित करने का दावा किया है, जो हमारी हार्टबीट सुनने में सक्षम है. यह टी-शर्ट हार्ट संबंधी सारी जानकारियों को रियल टाइम में बताएगी. Ary News के अनुसार, यह विशेष टी-शर्ट ओके स्टिक फेब्रिक से बनाई गई है.

यह इंसान के शरीर में माइक्रोफोन की तरफ काम करती है. जब इंसान इस टी-शर्ट को पहनेगा तो सबसे पहले यह टी-शर्ट ध्वनि को मैकेनिकल वाइब्रेशन में तब्दील करेगी. इसके बाद इसे इलेक्ट्रिक सिग्नल में परिवर्तित कर देगी. यह प्रक्रिया वैसी ही है, जैसे हमारे कान सुनते हैं. इसे पहनने वाला शख्स अपने दिल और श्वसन तंत्र की स्थिति को निरंतर, आरामदायक, रियल टाइम तथा लंबे समय तक मॉनिटर कर सकता है.रिपोर्ट के अनुसार, इस टी-शर्ट का कपड़ा पीजोइ-लेक्ट्रिक (Piezoelectric) मटेरियल से बनाया गया है. यह मुड़ते ही एक इलेक्ट्रिक सिग्नल पैदा करेगा. यह इलेक्ट्रिक सिग्नल एक तरह से साधन का काम करेगा, जो साउंड वाइब्रेशन को इलेक्ट्रिक सिगनल में बदल देगा. रोड आइलैंड स्कूल ऑफ डिजाइन (RISD) और MIT के इंजीनियर्स के अनुसार, टी-शर्ट को पहनने वाले की दिल की धड़कन की विशेषताओं का पता लग सकता है. अभी इस टी-शर्ट की कीमत तय नहीं की गई है. MIT के वेई यान ने बताया कि टी-शर्ट में इस्तेमाल की गई फेब्रिक मानव त्वचा के साथ इंटरफेस कर सकता है.

## संपादकीय



# सीमा पाकिस्तान की जासूस!

पाकिस्तान से अवैध तरीके से भारत में आई सीमा हैदर और उसके कथित पति सचिन मीणा को हिरासत में ले लिया गया है। यह गिरफ्तारी नहीं है। यह कार्रवाई उप्र के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने की है, क्योंकि उसके कुछ प्राथमिक संदेह हैं, लिहाजा वह गहन सवाल-जवाब करना चाहता है। एटीएस के संदेह आतंकवाद से जुड़े हुए नहीं हैं, लेकिन वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सीमा को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का एजेंट या जासूस मान कर चल रहे हैं। इन संदेहों के कई बुनियादी कारण भी हैं। मसलन-पाकिस्तान की 27 वर्षीय सीमा अपने चार नाबालिग और छोटे-छोटे बच्चों समेत पहले शारजाह गई, वहां से नेपाल कैसे आई और अंततः भारत में कैसे घुसी? सरहद पर बीएसएफ और स्थानीय पुलिस ने उसे क्यों नहीं पकड़ा? उनसे भी स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। सीमा के पास 4 मोबाइल फोन, 3 फर्जी पहचान-पत्र, 4 जन्म प्रमाण-पत्र, 4 पासपोर्ट बच्चों के, 2 पासपोर्ट खुद सीमा के और 5 वेक्सीनेशन सर्टिफिकेट आदि दस्तावेज कहां से आए, उसने क्यों बनवाए अथवा किसने उसकी मदद की? यदि वह सामान्य औरत है और इश्क में डूबी है, तो उसे इतने दस्तावेजों की जरूरत ही क्या थी? इन सवालों के अलावा, एटीएस, पुलिस, गुप्तचर ब्यूरो सरीखी जांच एजेंसियों के सामने यह अहम सवाल भी है कि सीमा को उप्र के ग्रेटर नोएडा आने के बाद पाकिस्तान में 30 से अधिक हिंदू औरतें क्यों लापता कर दी गई हैं और वे कहां हैं? पाकिस्तान की हुकूमत स्पष्ट करे। कराची के हिंदू मंदिर पर रॉकेट लॉन्चर से हमला क्यों किया गया है? वैसे पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हमले होते रहे हैं। उन्हें धर्मांतरण के लिए भी विवश किया जाता रहा है, लेकिन चिंता की बात यह है कि पाकिस्तान में हिंदू औरतों को मारने की धमकियां दी जा रही हैं। कुछ नकाबपोश हाथों में हथियार लेकर यह धमकी भी दे रहे हैं कि यदि सीमा हैदर को पाकिस्तान वापस भेजा गया, तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। सवालिया यह भी है कि उन बदमाशों ने बाकायदा वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल भी किया है। कुछ लोग 'बेवफा' सीमा को सरेआम चौराहे पर फांसी देने की भी मांग कर रहे हैं। उसका सार्वजनिक और सामाजिक चरित्र-हनन भी किया जा रहा है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## बिड़ला परिसर छात्र संघ अध्यक्ष सहित छह पर केस दर्ज

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर श्रीनगर छात्रसंघ अध्यक्ष सहित छह छात्रों पर एक छात्र के साथ मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। छात्रसंघ अध्यक्ष व उसके साथियों पर पीड़ित ने जान से मारने की धमकी देने व गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। मामले की विवेचना पुलिस चौकी प्रभारी श्रीकोट लक्ष्मण सिंह कुंवर को सौंपी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर श्रीनगर में अध्ययनरत छात्र महिपाल सिंह बिष्ट निवासी स्वाड़, थराली चमोली गत 12 जुलाई की शाम को गोला बाजार से कोतवाली रोड की ओर आ रहा था। इसी दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष व कुछ अन्य छात्रों की महिपाल के साथ किसी बात को लेकर बहस हो गई। जिसके बाद उनके बीच मारपीट हो गई। लोगों के बीच-बचाव में आने के बाद मामला शांत हुआ। पीड़ित महिपाल ने कोतवाली श्रीनगर में छात्रसंघ अध्यक्ष सहित छह छात्रों के खिलाफ तहरीर दी है। जिस पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है। कोतवाली निरीक्षक श्रीनगर रवि सैनी ने बताया कि बिड़ला परिसर श्रीनगर के छात्रसंघ अध्यक्ष गौरव मोहन नेगी, सूरज कंडारी, हिमांशु पंवार, कैलाश नगवाल, अभिषेक, राज कोहली के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## यूजी में प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला, पौड़ी एवं टिहरी परिसर में स्नातक प्रथम सेमस्टर में प्रवेश के लिए मंगलवार से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। एनटीए की ओर से कराई गई सीयूईटी प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले वो छात्र जिन्होंने गढ़वाल विवि में प्रवेश का विकल्प भरा है वही पंजीकरण प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। पंजीकरण प्रक्रिया 10 दिनों तक चलेगी। समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### 20 जुलाई को श्रीनगर में कांग्रेस की स्वाभिमान न्याय यात्रा

श्रीनगर गढ़वाल। कांग्रेस की स्वाभिमान न्याय यात्रा श्रीनगर गढ़वाल में पहुंचने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पीसीसी सदस्य बीरेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान पीसीसी सदस्य बीरेंद्र सिंह नेगी व नगर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल ने कहा है कि श्रीनगर में 20 जुलाई को होने वाली कांग्रेस की स्वाभिमान न्याय यात्रा के दौरान भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों व अंकिता भंडारी के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस जनता के बीच जाकर न्याय की गुहार लगाएगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार के इशारे पर हत्याकांड के सारे सबूतों को नष्ट किया गया। आज तक वीआईपी के नाम को सार्वजनिक नहीं किया गया। बैठक में बैठक में पूनम तिवारी, बलवीर सिंह दानू, संजय भाई फौजी, सूरज नेगी, लाल सिंह नेगी, विजय रावल, बिनोद मैठाणी, परवेज अहमद, मोहित राणा, शिप्रा डोभाल, यशोदा, सुधा तिवारी आदि मौजूद रहे।

### श्रीनगर में अलकनंदा नदी ऊफान पर

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर में मंगलवार को जनपद रूद्रप्रयाग व चमोली में बारिश होने के कारण अलकनंदा नदी का जल स्तर बढने पर जीवीके डैम से बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा गया। जिससे डैम से श्रीनगर की ओर अलकनंदा नदी उफान पर रही। यहां पर अलकनंदा नदी का जल स्तर चेतावनी स्तर(535 मीटर) की बार्डर लाइन पर रहा। जिसके कारण नदी किनारे के घाट जल मग्न हो गए। इससे पेयजल योजनाओं पर प्रभाव पड़ा। नगर क्षेत्र में इसके कारण कई मोहल्लों में पानी की आपूर्ति बाधित रही। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन भी सक्रिय रहा।

### नई टिहरी और गजा के माणदा गांव में पौध रोपण किया

नई टिहरी। नरेन्द्रनगर रेंज गजा स्थित माणदा गांव के तोली तोक में नगर पंचायत अध्यक्ष मीना खाती, वन विभाग और तहसील कर्मचारियों ने भारी बारिश के बीच हरेला पर्व के तहत विभिन्न प्रजाति के करीब 350 पौधों का रोपण किया। नपं अध्यक्ष ने वन विभाग और ग्रामीणों से पौधों की देखभाल करने की अपील की। उधर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी में एनएसएस के तत्वानधान में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पुष्पा नेगी के नेतृत्व में स्वयं सेवियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने जागरुकता अभियान चलाकर महाविद्यालय के आसपास खाली पड़ी भूमि पर आंवला, बांज, बुरांश, दालचीनी, कचनार आदि पौधों का रोपण किया। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी गुसाई ने छात्रों को हरेला पर्व की उपयोगिता के बारे में बताया। मौके पर तहसीलदार रेनू सैनी ,नपं ईओ हरेंद्र चौहन,राजेन्द्र खाती, डॉ. एसके कगडियाल, प्रो. डीपीएस भंडारी,डॉ. एएम पैन्यूली, प्रदीप राणा, गजेन्द्र खाती, योगिता चौहान, प्रवीन, डॉ. आशा डोभाल, पीसी पैन्यूली,साक्षी शुक्ला, बीडीएस नेगी, जेठूडी,लखनपाल सिंह,मान सिंह, भीम सिंह, दिव्यांशु आदि उपस्थित थे।

### समस्याओं के निराकरण की मांग को डीएम से मिले कांग्रेसी

नई टिहरी। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जनपद की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर डीएम मयूर दीक्षित से मुलाकात कर कार्यवाही मांग की। कांग्रेस शिष्टमंडल ने डीएम को आश्वस्त किया कि जनपद के विकास में कांग्रेस एक जिम्मेदार प्रतिपक्ष होने के नाते हमेशा प्रशासन का सकारात्मक सहयोग करेंगी। डीएम से मुलाकात करने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश राणा, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ममता उनिया, अनिता रावत, सैयद मुसर्रफ अली, देवेंद्र नौडियाल, मुरारीलाल खंडवाल, जिपंस जयवीर सिंह रावत, गीताराम गैरोला, मान सिंह रौतेला, भरत सिंह बुटोला, विजय पाल सिंह रावत, अशद आलम, नवीन सेमवाल, किशोर सिंह मंदिरवाल, रोशन नौटियाल, विनोद रावत आदि शामिल रहे।

# भीमगौड़ा बैराज का गेट टूटने से किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं : महाराज

हरिद्वार। प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, संस्कृति, जलागम प्रबन्धन एवं भारत-नेपाल उत्तराखण्ड नदी परियोजना मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि भीमगौड़ा बैराज के गेट टूटने से किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। बरसात होने के साथ-साथ पानी की निकासी लगातार हो रही है। गेट को ठीक करने के लिए मैंने उत्तर प्रदेश के जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से भी कहा है। उन्होने कहा कि मानसून अवधि में हो रही भारी वर्षा के कारण अभी तक 274 मार्ग बन्द थे जिसमें से 37 मार्ग खोले जा चुके हैं तथा शेष 237 मार्गों को खोलने हेतु 213 जे0सी0बी0 मशीनें लगाई गई हैं। अधिकत्तर मार्गों को कल तक खोल दिया जायेगा।



जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, संस्कृति, जलागम प्रबन्धन व भारत-नेपाल उत्तराखण्ड नदी परियोजना मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को भीमगौड़ा बैराज का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ-साथ रोशनाबाद-बिहारीगढ़ मोटर मार्ग पर अनेकी के पास क्षतिग्रस्त सेतु का भी स्थलीय निरीक्षण किया।

भीमगौड़ा बैराज (हरिद्वार) के स्थलीय निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि भीमगौड़ा बैराज का गेट टूटने से किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। बरसात होने के साथ-साथ पानी की निकासी लगातार हो रही है। गेट को ठीक करने के लिए श्री महाराज ने उत्तर प्रदेश के जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को लिखे पत्र में कहा है कि 16 जुलाई को रात्रि में भीमगौड़ा बैराज का गेट नंबर 10 का रस्सा टूट गया है जिससे बैराज के परिचालन एवं संचालन में कठिनाई होने से गंग नहर में पानी डार्वट करने एवं बाढ़ नियंत्रण में भारी कठिनाई उत्पन्न हो रही है। इसलिए इसको यथाशीघ्र ठीक कराया जाना जरुरी है।

लोक निर्माण मंत्री श्री महाराज ने 13 जुलाई को हुई अतिवृष्टि के कारण रोशनाबाद-बिहारीगढ़ मार्ग पर स्थिति अनेकी नामक स्थान पर धसे बाक्स सेतु का निरीक्षण करते हुए कहा कि सेतु को यातायात हेतु बन्द कर क्षतिग्रस्त भाग पर वैली ब्रिज लगाने हेतु कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। अगले तीन सप्ताह में हल्के वाहन हेतु सेतु को खोल दिया जायेगा। वर्तमान में अनेकी-पूरनपुर-पथरी मार्ग होते हुए बाहदराबाद जाया जा सकता है।

रोशनाबाद-बिहारीगढ़ मोटर मार्ग पर आन्नेकी के पास क्षतिग्रस्त सेतु का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद कैबिनेट मंत्री श्री महाराज ने रानीपुर मोड़ के आस -पास होने वाले जल भराव का भी निरीक्षण किया तथा इसके स्थाई समाधान के संबंध में चर्चा की द्य

कैबिनेट मंत्री श्री महाराज ने कहा कि 13 जुलाई को कोटद्वार क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि के कारण मालन नदी पर निर्मित सेतु के पियर न0 09 में झुकाव आने के कारण सेतु का एक पैनल क्षतिग्रस्त होने के कारण यातायात बन्द है। वैकल्पिक मार्ग के रूप में कर्णाश्रम-मवाकोट-डिग्री कॉलेज होते हुए हल्का वाहन हेतु मार्ग सुचारू है। सेतु के डाउन स्ट्रीम में पूर्व कन्डी मार्ग को भारी वाहन हेतु मालन नदी में हयूम पाईप डालकर मार्ग को तीन सप्ताह के अन्दर यातायात हेतु खोल दिया जायेगा। मालन नदी पर वैली ब्रिज लगाने हेतु कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

निरीक्षण दौरान श्री महाराज के साथ रानीपुर विधायक आदेश चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, सीडीओ श्री प्रतीक जैन, एसडीएम श्री पूरण सिंह राणा, पीडब्ल्यूडी चीफ अशोक कुमार, सिंचाई विभाग के चीफ, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री संदीप गोयल सहित लव शर्मा,आशु चौधरी, आशुतोष शर्मा, सचिन शर्मा, अ श अभि श लोक निर्माण श्री सुरेश तोमर, अ श अभि श सिंचाई सुश्री मंजू आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने किया तीर्थपुरोहितों के धरने का समर्थन

नई टिहरी। देवप्रयाग तीर्थ पुरोहित समाज का बदरीनाथ में मास्टर प्लान की विस्थापन नीति के खिलाफ चल रहे धरना प्रदर्शन का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने समर्थन किया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर प्रभावितों के साथ है। दो दिवसीय गढ़वाल दौरे से लौटते समय कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने देवप्रयाग से वीडियो कॉल के माध्यम से धरना प्रदर्शन कर रहे तीर्थ पुरोहितों से बदरीनाथ में बात की। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान के नाम पर तीर्थ पुरोहितों को बदरीनाथ धाम में उनके हक हकूको से वंचित किए जाने का कांग्रेस विरोध करती है। बदरीनाथ का आज जो स्वरूप है, वह तीर्थ पुरोहितों के पूर्वजों की त्याग व तपस्या का ही फल है। उन्होंने कहा कि, हिंदुओं के पावन धाम को पर्यटन स्थल नहीं बनने दिया जायेगा। उत्तराखण्ड दौरे पर आ रहे राहुल गांधी को भी बदरीनाथ धाम मास्टर प्लान के प्रभावितों की समस्याओं से अवगत कराया जायेगा। उन्होंने श्री बदरीश पंडा पंचायत कोषाध्यक्ष अशोक टोडरिया, सदस्य प्रमोद नारायण मेवाडगुरु, अजय बंदोलिया सहित श्री बदरीनाथ धाम संघर्ष समिति अध्यक्ष डॉ. जमुना प्रसाद रैवानी आदि से बात कर उनको अपना समर्थन व्यक्त किया। इस मौके पर तीर्थपुरोहित व प्रदेश कांग्रेस सदस्य नंदन टोडरिया, राकेश पंचभैया, जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल, दर्शन भारती आदि मौजूद रहे।

## सदस्यों की प्रशिक्षण कार्यशाला हुई संपन्न

नई टिहरी। एडीएम केके मिश्र की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के तहत खिलाडियों के चयन ट्रायल्स के लिए गठित समिति के सदस्यों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला कलक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। कार्यशाला में एडीएम मिश्र ने सभी सम्बंधित अधिकारियों व सदस्यों को निर्देश दिए कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में ग्राउण्ड लेबल से ही पारदर्शिता के साथ खेलों का आयोजन कराना सुनिश्चित करें। किसी भी संशय का समाधान सब डिवीजन लेबल कमेटी के संज्ञान में लाकर किया जा सकता है। जिला क्रीड़ा अधिकारी को प्रशिक्षण कार्याशाला के सभी बुलेट वाटसअपर में शेयर करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार पौरी ने बताया कि मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में जनपद के 8 वर्ष से 14 वर्ष तक (6 वर्गों में) आयु के प्रत्येक आयु वर्ग में 25-25 बालक व बालिका (कुल 300) खिलाडियों का चयन कर रू 1500 प्रतिमाह व प्रति सदस्य की दर से छात्रवृत्ति के रूप में दी जायेगी। कार्यशाला में डीईओ पीआरडी पंकज तिवारी भी मौजूद रहे।

## टिहरी के शुभम बने आईटी कांग्रेस के प्रदेश संयोजक

नई टिहरी। उत्तराखंड प्रदेश आईटी कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष विकास नेगी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी आईटी प्रकोष्ठ के चेयरमैन सुप्रिया स्नेत की संस्तुति पर अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें टिहरी जनपद से शुभम राणा को प्रदेश संयोजक और दीपचंद सजवान (नैनबाग), नंदकिशोर नौटियाल (थत्यूड़), शिवम चमोली (प्रतापनगर) व उपेंद्र पवार (सकलाना) को प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा ने यह जानकारी देते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए यह उम्मीद जताई कि आईटी विभाग में नौजवानों को प्रदेश में श्रेष्ठ दायित्व मिलने के बाद सभी नौजवान आईटी के माध्यम से कांग्रेस पार्टी की रीति और नीति को जन-जन तक पहुंचाने के साथ वर्तमान में तथा कथित डबल इंजन की सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनमानस के सामने उजागर करेंगे। कहा भारत रत्न राजीव गांधी ने जो 21वीं सदी का संचार क्रांति का सपना देखा था वह आज संपूर्ण रूप से साकार हुआ है, लेकिन हमारे नौजवान पार्टी हित में इसका ठीक तरीके से उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई की भाजपा की ट्रोल आर्मी दिन भर में कई फेक न्यूज नौजवानों को बरगलाने के लिए लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से भेजते रहते हैं। आने वाले समय में हमारे आईटी प्रकोष्ठ के नौजवान आईटी के माध्यम से इसका करारा जवाब देंगे।

## नई टिहरी और गजा के माणदा गांव में पौध रोपण किया

नई टिहरी। नरेन्द्रनगर रेंज गजा स्थित माणदा गांव के तोली तोक में नगर पंचायत अध्यक्ष मीना खाती, वन विभाग और तहसील कर्मचारियों ने भारी बारिश के बीच हरेला पर्व के तहत विभिन्न प्रजाति के करीब 350 पौधों का रोपण किया। नपं अध्यक्ष ने वन विभाग और ग्रामीणों से पौधों की देखभाल करने की अपील की। उधर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी में एनएसएस के तत्वानधान में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पुष्पा नेगी के नेतृत्व में स्वयं सेवियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने जागरुकता अभियान चलाकर महाविद्यालय के आसपास खाली पड़ी भूमि पर आंवला, बांज, बुरांश, दालचीनी, कचनार आदि पौधों का रोपण किया। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी गुसाई ने छात्रों को हरेला पर्व की उपयोगिता के बारे में बताया। मौके पर तहसीलदार रेनू सैनी ,नपं ईओ हरेंद्र चौहन,राजेन्द्र खाती, डॉ. एसके कगडियाल, प्रो. डीपीएस भंडारी,डॉ. एएम पैन्यूली, प्रदीप राणा, गजेन्द्र खाती, योगिता चौहान, प्रवीन, डॉ. आशा डोभाल, पीसी पैन्यूली,साक्षी शुक्ला, बीडीएस नेगी, जेठूडी,लखनपाल सिंह,मान सिंह, भीम सिंह, दिव्यांशु आदि उपस्थित थे।

## संस्कृत विवि देवप्रयाग में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

नई टिहरी। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में शास्त्री(बीए) प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया शुरु हो गई है। केंद्रीय विवि की कक्षाओं में प्रवेश के लिए होने वाले टेस्ट (सीयूईटी) का परिणाम आने के बाद यहां प्रवेश हुए हैं। परिसर निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम ने बताया कि इस बार परिसर में छात्र संख्या बढने को देखते सुविधाएं भी बढ़ाई जा रही हैं। परिसर में शास्त्री(बीए)और आचार्य (एमए) में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर पर टेस्ट होता है। पिछले वर्ष उत्तराखंड के अनेक बच्चों ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर यहां प्रवेश लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन दिन मनसा और चार दिन चंडी देवी रोपवे बंद

हरिद्वार। अद्र्धवार्षिक रख रखाव को लेकर मां मनसा देवी उडन खटोला तीन दिन और चंडी देवी उडन खटोला चार दिनों तक बंद रहेगा। रोपवे बंद होने से श्रद्धालुओं को मंदिर तक जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। उषा ब्रेको लिमिटेड के जनरल मैनेजर मनोज डोभाल ने बताया कि आज से मां मनसा देवी उडन खटोला 21 जुलाई तक बंद रहेगा। जबकि चंडी देवी उडन खटोला चार दिन के लिए 24 से 27 जुलाई तक बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि अद्र्धवार्षिक रख रखाव के कारण इसको बंद किया जा रहा है। 22 जुलाई से मनसा देवी और 28 जुलाई से चंडी देवी उडन खटोले का संचालन फिर से शुरू कर दिया जाएगा। जिसके बाद श्रद्धालु इनका प्रयोग कर सकते हैं।

### मारपीट के बाद पत्नी को दिया तीन तलाक

हरिद्वार। पत्नी की पिटाई करने के बाद पति ने तीन बार तलाक बोलकर तलाक दे दिया। पीड़िता ने कोतवाली रानीपुर में पति के खिलाफ तीन तलाक देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के गांव राजपुर गढ़मीरपुर की रहने वाली युवती का निकाह वर्ष 2018 में इखलाक निवासी ग्राम सलेमपुर महदूद से हुआ था। आरोप है कि निकाह के बाद से ही पति ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दी थी और उसे बार-बार तलाक देने की धमकी देकर उत्पीडन करता चला आ रहा था। आरोप है एक जुलाई को इखलाक ने उसे बुरे तरह मारा पीटा और पड़ोसन महिला की मौजूदगी में तीन बार तलाक बोलकर तलाक देने की बात कही। उसके बुलाने पर पहुंचे मायके पक्ष के लोग उसे अपने साथ ले गए। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लालढांग क्षेत्र में फिर से शुरू हुई बारिश से होने लगा जलभराव

हरिद्वार। सोमवार रात से लगातार हो रही बारिश से एक बार फिर लालढांग क्षेत्र में जलभराव हो गया है। इसके साथ ही आसपास के अन्य कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात पैदा होने लगे हैं। ग्रामीण बलदेव सिंह, जीत सिंह, सद्दाम, लियाकत, रघुवीर सिंह, जसवंत सिंह आदि का कहना है कि बारिश शुरू होते ही चिंता सताने लगती है। बारिश के कारण जंगल और पीली नदी का पानी गांव में बाढ़ जैसे हालात पैदा कर देता है। बारिश से पहले ही किसान बड़ा नुकसान झेल चुके हैं। बताया कि बीते 13 जुलाई से हुई बारिश से लालढांग क्षेत्र में जलभराव और कईं गांव में बाढ़ जैसे हालात हो गए थे। दो-तीन दिन से बारिश न होने से लोगों को कुछ राहत मिलनी शुरू हुई थी। लेकिन फिर से बारिश शुरू हो गई है। जिसके चलते लोगों को तमाम तरह की परेशानियां हो रही है। बताया कि बारिश से दूधला दयालवाला गांव में सम्पर्क मार्ग फिर पानी से लबालब हो गया। छात्र स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। गैंडीखाता में भी भारी जलभराव हो रहा है।

### d

हरिद्वार। बारिश के दौरान उपनगरी ज्वालापुर की प्रथम सबडिवीजन में ऊर्जा निगम ने सात घंटे की बिजली कटौती की। बिजली आपूर्ति ठप होने से करीब 60 हजार की आबादी परेशान रही। सोमवार देर रात तीन बजे गुल हुई बिजली की आपूर्ति मंगलवार सुबह 10 बजे सुचारू की गई। उपनगरी ज्वालापुर की प्रथम सबडिवीजन के पांच फीडर टिहरी विस्थापित, पीएसी, शिवालिक नगर, टेलीफोन एक्सचेंज और गंगा नगर पर बिजली आपूर्ति बाधित रही। साथ ही बारिश के दौरान कई क्षेत्रों में फॉल्ट की शिकायत बनी रही। बिजली गुल रहने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई। बिजली आपूर्ति बाधित होने से क्षेत्र के पीठ बाजार, रेलवे रोड, कस्साबान, हज्जावान, चौहानान, चौक बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, कोतवाली रोड, वाल्मीकि बस्ती, पांवधोई, सराय रोड आदि की बड़ी आबादी को दिक्कतें हुई। इधर, ऊर्जा निगम की एसडीओ शिल्पी ने कहा कि बारिश के कारण प्रथम सबडिवीजन में ब्रेकडाउन लिया गया था। सुबह के समय बिजली की आपूर्ति सुचारू कर दी गई।